एआई, मेटावर्स व क्वांटम कंप्यूटिंग का है आने वाला समय : राज्यपाल

देहरादून (एसएनबी)। सोमवार को राजभवन में वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विवविद्यालय के तत्वावधान और यूपीईएस, देहरादून व क्वांटम विवविद्यालय रुड़की के सहयोग से एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कहा कि आने वाला समय एआई, मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग का है।

उन्होंने राजभवन की डिजिटल पहल राज्यपाल के एआई चौटबट 'स्पीच टू टेक्स्ट और टेक्स्ट टू स्पीच' को लांच किया। तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार इस

चौटबट में राज्यपाल के भाषण की वीडियो को टेक्स्ट और टेक्स्ट को वीडियो रूप में परिवर्तित किया जा सकेगा।

इस कार्याशाला में अमित कुमार सिरोही, स्वाति भदौरिया, कुलपति प्रो ओंकार सिंह, प्रो सुरेखा डंगवाल, प्रो एनके जोशी, प्रो एमएलबी भट्ट, कुलपति आयुर्वेद विवि डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।